# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (02.12.2024)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**

**DATE : 02.12.2024, PAGE-04**

## अब टेबुलेशन रजिस्टर से सत्यापन के बाद बनेगी डिग्री

- बीआरएबीयू में पुरानी व्यवस्था में हो रहा बदलाव
- फर्जी डिग्री के मामलों में लग सकेगा अंकुश

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में अब टेबुलेशन रजिस्टर से सत्यापन के बाद ही छात्रों की डिग्री बनाई जायेगी। फर्जी डिग्री को रोकने के लिए परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान और डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणु बाला ने यह योजना तैयार की है। जल्द ही इस पर अमल किया जायेगा। बिहार विवि में अब तक डिग्री बनने के बाद उसका मिलान टीआर से कराया जाता था। कई बार डिग्री का मिलान टीआर से नहीं होता था। हाल में ही बीएड के पांच छात्रों की डिग्री पर संदेह होने पर विभाग की तरफ से कार्रवाई शुरू की गई है।

बिहार विवि में इससे पहले कई बार फर्जी डिग्री का मामला सामने आ चुका है। बीते दिनों गुजरात में होम्योपैथ की कई डिग्रियां फर्जी पाई गई थीं। इस मामले में बिहार विवि के तत्कालीन लॉ अफसर गुजरात गये थे। गुजरात के अलावा पंजाब और हरियाणा से भी कई फर्जी डिग्रियों का मामला सामने आ चुका है। दो दिन पहले हुई परीक्षा बोर्ड की बैठक में भी डिग्री में सुधार के लिए योजना तैयार की गई। डिग्री की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए विवि प्रशासन डिग्री सेक्शन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाने जा रहा है। इससे पता चलेगा कि डिग्री सेक्शन में किसका प्रवेश हुआ।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 02.12.2024, PAGE-04

# वीमेंस बास्केटबॉल चैम्पियनशिप 26 से

मुजफ्फरपुर, खेसं। बीआरएबीयू के तत्वावधान में होने वाली ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की तिथि जारी कर दी गई है। बीआरएबीयू स्पोर्ट्स काउंसिल के अनुसार, वह चैम्पियनशिप 26 से 30 दिसंबर तक एलएन मिश्रा कॉलेज के बास्केबॉल कोर्ट पर होगी।

24 दिसंबर से टीमों का आगमन शुरू हो जाएगा। रविवार को विवि के नूतन अतिथि भवन में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सह कुलपति डॉ. दिनेश चन्द्र राय ने इस चैम्पियनशिप के सफल संचालन के लिए विभिन्न उप समितियों का गठन किया। चैम्पियनशिप में बिहार के अलावा झारखंड, पं. बंगाल, असम, ओडिशा व बनारस के आसपास की यूनिवर्सिटी की टीमें भाग लेंगी। बैठक के बाद काउंसिल के सचिव सह आयोजन सचिव डॉ. कांतेश ने बताया कि विवि को पहली बार इस चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष आमोद दत्त को कमेटी में रखा गया है।



रविवार को विवि के नूतन अतिथि भवन में बैठक करते कुलपति डॉ. दिनेश चन्द्र राय।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 02.12.2024, PAGE-04

# इसी सप्ताह जारी होगा पैट 2022 का परीक्षा परिणाम

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में इसी हफ्ते पैट 2022 का रिजल्ट जारी किया जायेगा। पैट के लिए सभी विभागों से रिक्तियां विवि को भेज दी गई हैं। पैट 2022 के लिए छात्रों का इंटरव्यू हुआ था, लेकिन रिक्तियां जारी नहीं होने से पैट का रिजल्ट तैयार नहीं हो पा रहा था। बिहार विवि सूत्रों ने बताया कि पहले पैट 2021 में रिक्तियां नहीं आने से पैट 2022 का रिजल्ट जारी नहीं हो रहा था। कुलपति के आदेश के बाद पैट 2021 की रिक्तियां जारी कर विभागों में गाइड देने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। पैट 2022 का रिजल्ट आने के बाद पैट 2023 की प्रवेश परीक्षा होगी।

# विवि में 34 अतिथि शिक्षक और 19 कर्मियों का तबादला

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने रविवार को 34 अतिथि शिक्षकों के साथ लंबे समय से जमे 19 कर्मियों का तबादला कर दिया।

अतिथि शिक्षकों का एक से दूसरे कॉलेज में और कर्मियों का एक से दूसरे सेक्शन में तबादला किया गया है। कुलपति ने परीक्षा विभाग से लेकर अकाउंटर तक के कर्मचारियों के सेक्शन में बदलाव किया है।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 02.12.2024, PAGE-04**

## बीआरएबीयू. तीन कॉलेजों में नये प्रभारी प्राचार्य किये गये नियुक्त

# वर्षों से जमे कर्मी हुए इधर से उधर कई गेस्ट टीचर्स का भी तबादला

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- 33 अतिथि शिक्षकों को तीन दिनों में नये कॉलेज में योगदान देने को कहा
- रामेश्वर कॉलेज से एलएनटी में गये डॉ राजबली का आदेश लिया वापस

बीआरएबीयू की ओर से वर्षों से एक ही सेक्शन में जमे कर्मचारियों का तबादला किया गया है. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय के आदेश पर प्रभारी रजिस्ट्रार विनोद बैठा ने इसकी अधिसूचना जारी की है.

तीन कॉलेजों में नये प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति की गयी है. जेबीएसडी कॉलेज बकुची के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ अरविंद कुमार की जगह एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के प्रो राज कुमार सिंह को जेबीएसडी कॉलेज बकुची के प्राचार्य के कार्यालय के कर्तव्यों और कार्यों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत किया है.

जेएलएनएम कॉलेज घोड़ासहन के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ नागेन्द्र दास को हटाते हुए विवि के पीजी इतिहास विभाग के प्रो पंकज कुमार राय को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है. वहीं विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के प्रो प्रमोद कुमार को जेएस कॉलेज चंदौली के प्राचार्य के कार्यालय के कर्तव्यों और कार्यों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत किया है.

33 अतिथि शिक्षकों का भी एक से दूसरे कॉलेज में स्थानांतरण किया गया है. अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान में 9-9, गणित में 7, हिंदी व जूलॉजी में 2-2, उर्दू, रसायनशास्त्र, अंग्रेजी व कॉमर्स से एक-एक अतिथि शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है. रामेश्वर महाविद्यालय से एलएनटी कॉलेज में पूर्व में स्थानांतरित किये गये राजनीति विज्ञान के डॉ राजबली पासवान के स्थानांतरण का आदेश वापस ले लिया गया है. तीन दिनों के भीतर इन्हें नये स्थानांतरित स्थल पर योगदान देने को कहा गया है.

### राघवेंद्र डिग्री सेक्शन के एसओ, 19 कर्मी भी बदले इनमें कई ऐसे जिनका पटल 15 वर्ष से एक ही था

विश्वविद्यालय ने कई ऐसे कर्मचारियों का तबादला किया है तो 15 वर्षों से अधिक अवधि से एक ही विभाग में जमे हुए थे. संजीव सिंह को वोकेशनल व पीजी से एकाउंट सेक्शन में भेजा गया है. एकाउंट्स के सेक्शन ऑफिसर राघवेंद्र कुमार को डिग्री सेक्शन का एसओ बनाया गया है. दीपेंद्र भारद्वाज को परीक्षा विभाग के एसओ से परीक्षा सेक्शन का एसओ और सीइ का पीए बनाया गया है. रजिस्ट्रेशन सेक्शन से राजन कुमार को डिग्री सेक्शन, डिग्री सेक्शन से लालबाबू को गोपनीय सेक्शन, रघुवंश मणि को सीसीडीसी ऑफिस से वोकेशनल, बीएचएमएस, बीएएमएस और बीयूएमएस सेक्शन में भेजा गया है. एकाउंट्स से प्रभात कुमार को भी इसी विभाग में भेजा गया है. नलिन कुमार बैरागी को टीडीसी पार्ट टू से और कंफिडेंशियन से कमल किशोर को रजिस्ट्रेशन सेक्शन में स्थानांतरित किया गया है. कुल 19 कर्मचारी एक विभाग से दूसरे विभाग में भेजे गये हैं. इन्हें कहा गया है कि वे तत्काल प्रभाव से नये स्थानांतरित विभाग में योगदान देंगे. साथ ही निवर्तमान कार्यालय में कार्यरत प्रशाखा में डॉक्यूमेंट्स और फाइल की इन्वेंट्री तैयार कर संबंधित एसओ को हैंडओवर करेंगे. तीन दिनों के भीतर इन्हें नये आवंटित विभाग में योगदान देना है.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:02.12.2024, PAGE-04**

# पैट के परिणाम के लिए शुरू हुई प्रक्रिया

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू से पैट-2022 का फाइनल परिणाम शीघ्र जारी किया जाएगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है. पैट उत्तीर्ण विद्यार्थियों का एकेडमिक प्वाइंट कैलकुलेट किया जा रहा है. एकेडमिक प्वाइंट कैलकुलेशन समिति के सदस्य सचिव सह विकास पदाधिकारी डॉ रमेश विश्वकर्मा के अनुसार दो से तीन दिनों में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा. इसके बाद परिणाम जारी किया जाएगा. पीजी विभागों ने विषयवार रिक्ति विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दिया है. रिजल्ट का प्रकाशन इन्हीं रिक्ति के आधार पर की जानी है. बताया गया कि 10 दिसंबर से पूर्व इसका फाइनल रिजल्ट जारी होने की उम्मीद है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 02.12.2024, PAGE-04**

# महिला बास्केटबॉल की होती रहेगी लाइव स्ट्रीमिंग



विश्वविद्यालय में बैठक करते कुलपति.

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

- 17 वर्षों बाद मिली बीआरएबीयू को इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप की मेजबानी

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नये अतिथि गृह में रविवार को इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने की. आयोजन को लेकर बनायी गयी विभिन्न समितियों से विमर्श किया गया. संचालन समिति, आवासन समिति, परिवहन समिति, मीडिया समिति, प्लानिंग व मैनेजमेंट समिति से फीडबैक लिया गया. आयोजन के माध्यम से विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग एवं प्रचार-प्रसार पर बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गयी. इसके साथ ही इस पांच दिवसीय आयोजन के लाइव टेलीकास्ट करने पर बात हुई. बैठक में आयोजन पर होने वाले व्यय पर भी व्यापक विमर्श किया गया. कुलपति ने कहा कि यह आयोजन हमारे विवि में खेल संस्कृति के विकास में सहायक सिद्ध होगी. इसके माध्यम से विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग एवं प्रचार-प्रसार भी संभव हो सकेगा. बैठक में कुलानुशासक प्रो विनय शंकर राय, आइक्यूएसी निदेशक प्रो कल्याण झा, आरडीएस कॉलेज की प्राचार्य प्रो अनीता, एलुमनाइ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ संजय सिंह, स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ कांतेश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे. इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी का जिम्मा बीआरएबीयू को मिला है. करीब 17 वर्षों के बाद बीआरएबीयू इस्ट जोन के किसी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा. ऐसे में तैयारी में कोई कमी नहीं रहे. इसको लेकर कुलपति ने सभी कमेटियों को तैयारी करने का दिशा निर्देश दिया है.